तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	न. व ता... अहकाम इस हु... की ताम... में जारी
	राजूराम विश्नोई बनाम लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी) सू.अ. अपील संख्या 14/2024	

28/03/2024

अपीलार्थी राजूराम विश्नोई निवासी 560, मंगल नगर, गुढा विश्नोईयान, तहसील लूणी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 22.12.2023 को मोडी जोशियां पटवारी अर्चना शेखावत द्वारा पटवारी भगतवी विश्नोई को पटवार मंडल मोडी जोशियां के दिये गये चार्ज लिस्ट अर्थात पी 37 की प्रमाणित प्रतियां से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, लूणी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, लूणी) से जरिये पत्रांक 40 दिनांक 28.03.2024 रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बतलाया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना कार्यालय के [illegible] दिनांक 12.02.2024 से उपलब्ध करवा दी गई है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Date: 2024.05.06 10:19:43 IST
Reason: SelfAttested

चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो।

आदेश सुनाया गया।